SWASTIK NEWS

# स्वास्तिक न्यूज

मुख्य संपादक: विनय दिवान
संपादक: अभिषेक दिवान

swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | बुधवार, 02, अक्तूबर 2024 | वर्ष :03 | अंक :11 | प्रति शुल्क: 02/- | RNI No. HARHIN/2021/87376


https://swastiknewsharyana.in/ | //facebook.com/swastiknews | YouTube SWASTIKNEWS

# रामकुमार गौतम के पक्ष में माहौल बढ़ता देख विरोधियों के खेमे में मची खलबली



## योगी आदित्यनाथ ने की सफीदों की जनता से रामकुमार गौतम को जिताने की अपील









स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान

**सफीदों:** दादा रामकुमार गौतम सितंबर महीना खत्म होते होते सफीदों के इस चुनाव में मतदाताओं की पहली पसंद बनकर उभरे हैं। नायब सिंह सैनी,पुष्कर सिंह धामी,और योगी आदित्यनाथ की सफल रैलियों के बाद से सफीदों में माहौल एक तरफ सा होता दिखाई पड़ रहा है। पुष्कर सिंह धामी की रैली के बाद राजपूतों ने जिस प्रकार से दादा गौतम का स्वागत किया है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अबकी बार राजपूत एकजुट होकर दादा गौतम पर भरोसा जता रहें हैं। इस बार दादा गौतम को सफीदों हल्के की जनता का भारी समर्थन मिला रहा है। इसके अलावा रामकुमार गौतम और उनके बेटे ने भी घर घर जाकर बीजेपी की उपलब्धियां गिनवाई।

### पुष्कर सिंह धामी ने की 'दादा की बड़ी जीत की भविष्यवाणी'

कुछ दिन पहले पुष्कर सिंह धामी ने दादा गौतम के पक्ष में मतदान करने के लिए रैली की थी जिसमे उन्होंने कहा था कि विपक्ष सिर्फ भ्रम फैला रहा है। अबकी बार फिर से बीजेपी तीसरी बार हरियाणा में सरकार बना रही है। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी एवं नायब सैनी की डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम किया है और हरियाणा की सामाजिक व आर्थिक तौर पर बहुत बड़ी उन्नति हुई है। हरियाणा में सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल के साथ-साथ हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुआ है। हरियाणा में प्रथम हवाई अड्डे का भी निर्माण किया जा रहा है। अगर सफीदों की बात की जाए तो यहां पर चार राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं और इस जिला जींद में एक बहुत बड़ा मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार ने किसानों के करोड़ों रुपए का कर्ज माफ किए और 24 फसलों पर एमएसपी की गारंटी प्रदान की। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अभूतपूर्व ऐतिहासिक काम हुए हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनाने का काम करें। बीजेपी ने हरियाणा में बिना पर्ची खर्ची के युवाओं को नौकरी दी है।सभी बिरादरी के लोगो के कार्य बिना किसी भेदभाव के किए हैं। उन्होंने कहा कि जितने राजमार्ग कांग्रेस 50 साल में नहीं बना सकती उतने राजमार्ग बीजेपी ने हरियाणा में 10 साल में बनाए हैं। आज हर गांव मोहल्ले में बीजेपी ने पक्की सड़कें और पीने के लिए साफ पेय जल घर घर, गांव गांव उपलब्ध करवाया है। उन्होंने अंत में जाते जाते मंच से भविष्यवाणी भी की कि इस बार सफीदों में दादा रामकुमार की बड़ी जीत के साथ कमल खिल रहा है।

### योगी आदित्यनाथ ने की सफीदों की जनता से रामकुमार गौतम को जिताने की अपील

योगी ने सफीदों की देवतुल्य जनता को प्रणाम करते हुए अपील करते हुए कहा कि अबकी बार दादा गौतम को भारी मतों से जिताकर उन्हे चंडीगढ़ भेजने का काम करें। ताकि ये सफीदों का और साथ साथ हरियाणा का पूर्ण विकास करें। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी इकलौती ऐसी पार्टी है जो जात पात से दूर रहके अपने विकास कार्यों के लिए वोट मांगती हैं। बीजेपी सरकार ने बिना किसी एक पैसे के,बिना किसी जाति के युवाओं को उनकी मेरिट के आधार पर नौकरी दी है। सफीदों के रुके हुए विकास को बढ़ाने के लिए दादा गौतम को जिताकर चंडीगढ़ भेजना बेहद जरूरी हैं।

## दादा रामकुमार गौतम ने कसा सुभाष गांगोली और हुडा पर तंज

दादा रामकुमार गौतम ने सुभाष गांगोली और हुडा पर तंज कसते हुए कहा कि गांगोली कांग्रेस पार्टी से नहीं है वो बस हुड्डा ग्रुप के हैं। कांग्रेस पार्टी में हुडा ने टिकटों में अपनी चलाई है। सैलजा जैसी बड़ी दलित नेता को सम्मान नही दिया जा रहा । हुड्डा ने हमेशा सिर्फ जाति व क्षेत्र के नाम पर भेदभाव किया है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि अगर किसी ने हरियाणा में पूर्व में ओबीसी के हक की लड़ाई लड़ी है तो वो सिर्फ दादा रामकुमार गौतम ही थे। उन्होंने कहा कि दादा रामकुमार अकेला ऐसा आदमी है जो 36 बिरादरी की आवाज उठाता है।

## तीन तारीख को पुरानी अनाज मंडी में नायब सिंह सैनी और मशहूर गायक अमित सैनी रोहतकिया करेंगे दादा रामकुमार के लिए

## जन आशीर्वाद रैली

तीन अक्टूबर को शहर की पुरानी अनाज मंडी में नायब सिंह सैनी और हरयाणवी गायक अमित सैनी रोहतकियां दादा रामकुमार गौतम के लिए प्रचार प्रसार करेंगे। नायब सिंह सैनी ने सफीदों में आकर दादा रामकुमार गौतम का नामांकन दाखिल करवाया था । हफ्ते पहले नायब सिंह सैनी ने बीजेपी सरकार की बड़ी उपलब्धियां गिनवाई थी इसके साथ साथ उन्होंने जमकर कांग्रेस पार्टी को लताड़ा था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ और सिर्फ लोगो को ठगने का काम करती है। कांग्रेस पार्टी सिर्फ झूठी राजनीति करती है। हरियाणा में कांग्रेस पार्टी पर सिर्फ एक परिवार का कब्जा है जहां कार्यकर्ता की कोई इज्जत नहीं की जाती है। बीजेपी ही इकलौती ऐसी पार्टी है जो हमेशा हरियाणा के लोगो के और देश के हित में कार्य करती हैं।।





सामान्य पर्यवेक्षक ने किया संवेदनशील बूथों का निरीक्षण

# मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो : आदित्य

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

जींद। उचाना व नरवाना विधानसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक कृष्णा आदित्य ने सोमवार को गांव छात्तर की वाल्मीकि चैपाल में बने संवेदनशील बूथ नंबर 33, छातर गांव के जीपीएस स्कूल बूथ नंबर 27, 28, 29, 30, 31, 34, 35, उचाना खुर्द के बूथ नंबर 151 से 156 तथा गांव काकड़ोद के बूथ नंबर 146 से 150 का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पेयजल, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, छाया आदि सभी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।



संवेदनशील बूथ केंद्रों का निरीक्षण करते हुए उचाना व नरवाना विधानसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक कृष्णा आदित्य।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे स्वयं भी सभी संवेदनशील बूथों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें कि भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप निदेर्शानुसार सभी बूथों पर मतदाताओं के सुविधा के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध हों ताकि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षक कृष्णा आदित्य ने ग्रामीणों से भी बातचीत की। ग्रामीणों ने सामान्य पर्यवेक्षक को बताया कि मतदान के दिन सभी बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न करवाया जाएगा।

उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन का सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि पांच अक्टूबर को वोट डालने बूथ पर जरूर जाना है। वोट डालना आपका अधिकार है। इस मौके पर गांव के मोजिज व्यक्ति उपस्थित रहे।

## समाज के सर्वांगीण विकास के लिए छात्राओं का सशक्त होना बहुत जरूरी : डा. सविता



स्वास्तिक न्यूज/संवाददाता

जींद। राजकीय महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य शमशेर की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ एवं मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हैल्थ एंड हाइजीन विषय के तहत विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें इस तरह के कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रमों के द्वारा मिली जानकारी उन्हें भविष्य में सहायता करेगी। डा. सविता दूहन ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने स्वास्थ्य व स्वच्छता की बारीकियां से छात्राओं को अवगत करवाते हुए कहा कि स्वस्थ रहना आज के समय में एक बड़ी चुनौती है और स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता का होना अति आवश्यक है। स्वास्थ्य से संबंधित बहुत सारे आधुनिक उपकरणों के सही इस्तेमाल के बारे में और उनसे जुड़ी भ्रांतियां के बारे में उन्होंने विस्तार से चर्चा की। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. प्रेम पूनम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए छात्राओं का सशक्त होना बहुत जरूरी है और सशक्तिकरण की पहली कड़ी उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी है।

## खास-खबरें

### बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के घर जाकर करवाया मतदान : उपायुक्त अजय कुमार



**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा प्रदान की गई। दूसरे चरण में रोहतक विधानसभा के शेष 38 चिन्हित मतदाताओं तथा कलानौर विधानसभा के शेष 2 चिन्हित मतदाताओं के पोस्टल बैलेट से घर से मतदान करवाने के लिए टीमें घर-घर पहुंची। अजय कुमार ने कहा कि रोहतक विधानसभा में शेष 38 मतदाताओं के घर से मतदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा गठित टीमों ने घर-घर जाकर मतदान करवाया। इन टीमों ने 30 मतदाताओं का पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से मतदान करवाया। इसी प्रकार कलानौर विधानसभा में शेष दो चिन्हित मतदाताओं के घर से मतदान के लिए टीम घर पहुंची। इनमें से एक मतदाता की मृत्यु हो चुकी है, जबकि दूसरा मतदाता किसी आवश्यक कार्य से घर से बाहर गया हुआ था। घर से मतदान की सुविधा के तहत संबंधित टीमों द्वारा दो बार ही घर-घर जाकर मतदान करवाने बारे हिदायतें है। घर से मतदान की सुविधा आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान में शामिल करने के दृष्टिगत उपलब्ध करवाई जा रही है।

### रिटर्निंग अधिकारी मनोज दलाल ने राजस्थान सीमा के नजदीक लगाए गए पुलिस नाको का किया निरीक्षण

**लोहारू।** लोहारू के रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम मनोज दलाल ने सोमवार को विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र में राजस्थान की सीमा से लगाए गए नाके का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। रिटर्निंग अधिकारी ने कई गांव के मतदान केदो का भी निरीक्षण किया और सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम मनोज दलाल ने सोमवार को लोहारू से सूरतगढ़ रोड पर लगाए गए नाके का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को सभी गाड़ियों की बारीकी से चेकिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोहारू से पिलानी रोड पर लगाए गए नाके का निरीक्षण किया। इसके पश्चात एसडीएम ने राजस्थान की सीमा से सटे गांव नांगल तथा दमकोरा में लगाए गए नाके का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम मनोज दलाल ने बहल, पातवान तथा सिरसी गांव के मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया और सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मतदान के दिन किसी भी मतदाता को मतदान करने में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इसके लिए बीएलओ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस दौरान श्याम सुंदर सांगवान सहित कई चुनाव से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतगणना से जुड़े अधिकारी निर्वाचन आयोग के हिदायतों की जानकारी लेकर करें कार्य : एसडीएम

लोहारू। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि मतगणना जुड़े अधिकारी व कर्मचारी भारतीय निर्वाचन आयोग के हिदायतों की पूर्ण जानकारी लेकर कार्य करें और मतगणना संबंधी कार्य में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। अधिकारी निष्ठा और ईमानदारी से सकारात्मक रूख अपना कर कार्य करें ताकि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाए जा सके। निर्वाचन अधिकारी मनोज दलाल सोमवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय में मतगणना से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रहे थे। निर्वाचन अधिकारी मनोज दलाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाना हम सब की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी अधिकारी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करें और चुनाव आयोग की निदेर्शों की पूर्ण जानकारी लें। कोई भी कार्य ऐसा नहीं होना चाहिए कि चुनाव आयोग की पालना न करता हो। उन्होंने कहा कि चुनाव आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन होना चाहिए। शिविर में मास्टर ट्रेनर ललित कुमार ने मतगणना संबंधी विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सावधानी पूर्वक करे। इस अवसर पर प्राचार्य राजवीर सांगवान, श्याम सुंदर सांगवान,राजीव वत्स ,इलेक्शन कानूनगो अनिल मेंचू ,प्राचार्य दलबीर सिंह ,हीरालाल सांगवान, एसई पीओ सुरेंद्र श्योराण,प्रद्युमन सहित चुनाव से जुड़ने का अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने तथा मारपीट करने पर चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यूपी की रहने वाली एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे गांव बंतीखेड़ा यूपी निवासी जाकिर ने शादी का झांसा देकर अपने प्यार में फांस लिया। जिसके बाद आरोपित उसे गांव बागडूकलां ईंट भ्े पर ले आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसमें साजिद, राजा, नदीम ने आरोपित का साथ दिया। जिसके बाद से आरोपित उसका यौन शोषण करता रहा। जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए शादी करने से मना कर दिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने युवती की शिकायत पर जाकिर, साजिद, राजा, नदीम के खिलाफ यौन शोषण करने, अपहरण करने बंधक बनाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाएं संदिग्ध हालात में गायब, मामले दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। इम्पलॉयज कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 24 सितंबर को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। वहीं गांव पेटवाड़ निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 26 सितंबर को उसने अपनी पत्नी को चंडीगढ़ जाने वाली बस में न्यू बस अड्डे से बैठाया था। जिसके बाद वह अपने मायके नही पहुंची। वहीं गांव खरकगागार निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 25 सितंबर को उसकी पत्नी अपने मायके लिए निकली थी। वह वहां पर नही पहुंची। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शिक्षक विद्यालयों मे निपुण मिशन अभियान मे रुचि लें : डा. सुभाष चंद्र



**जींद।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत नई शिक्षण पद्धति से बाल वाटिका से पांचवी कक्षा के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कक्षा कक्ष मे सही ढंग से कार्य करवाया जा रहा है या नहीं इस पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे जिला स्तरीय डीपीआईयू बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गहन चिंतन मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्र ने करते हुए बताया कि जिला स्तर पर डीपीआईयू बैठक का मुख्य उद्देश्य यह है की खंड स्तर पर सभी खंड शिक्षा अधिकारी व खंड संसाधन संयोजक यह सुनिश्चित करें कि उनके खंड के सभी विद्यालयों मे निपुण हरियाणा मिशन के तहत सही ढंग से कार्य किया जा रहा है व शिक्षक विद्यालयों मे निपुण मिशन अभियान मे रुचि लें। जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निपुण मिशन के तहत बिना किसी दिखावा के धरातल पर सही कार्य करने का संदेश दिया। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने जिले में चल रही गत मास की गतिविधियों के बारे मे चर्चा करते हुए इस मास के क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी दी तथा साथ ही अगले महीने करवाए जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा की व साथ ही सभी को अवगत करवाया की अबकी बार विभाग से 80 प्रतिशत बच्चों को निपुण बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसलिए सभी अधिकारी अपने खंड के सभी बच्चों की स्कूल वाइज पहचान करें।

# आईबी कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का किया आयोजन

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

पानीपत। आईबी कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा एमए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया।

पार्टी का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय गर्ग, उप प्रधानाचार्य डॉ शशिप्रभा, विभागाध्यक्षा डॉ किरण मदान, डॉ पूनम मदान, डॉ शर्मिला यादव, लेफ्टिनेंट राजेश, खुशबू, द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा आपका एम.ए पॉलिटिकल साइंस का चुनाव न केवल एक शैक्षणिक निर्णय है, बल्कि एक ऐसा कदम है जो आपको समाज और राजनीति की गहरी समझ विकसित करने का अवसर देगा। इस विषय में आपकी पढ़ाई आपको न केवल थ्योरी सिखाएगी, बल्कि आपको समाज के विभिन्न पहलुओं से जोड़ने का भी काम करेगी।



आज का दिन केवल पार्टी का ही नहीं है, बल्कि नए रिश्तों और मित्रताओं की शुरूआत का भी है। नए दोस्त बनाएं, एक-दूसरे के विचारों का सम्मान करें, और एक सकारात्मक माहौल में साथ मिलकर आगे बढ़ें। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ किरण मदान ने कहा आप सभी का स्वागत करते हुए बहुत खुशी महसूस कर रही हूं। यह दिन हमारे नए छात्रों के लिए एक नई यात्रा की शुरूआत है, और मैं आपको इस अवसर पर बधाई देती हूं।

इन आयोजनों से न सिर्फ. विद्यार्थियों का मनोरंजन होता है बल्कि उन्हें अपनी भिन्न- भिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने का भी अवसर मिलता है। फ्रेशर पार्टी में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा पूजा, सातवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा मोनिका और आठवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा निशा को पुरीस्कृत किया गया। जबकि पार्टी में मिस्टर फ्रेशर अतुल, मिस फ्रेशर स्नेहा, मिस्टर इंटेलीजेंट अमरजीत,मिस पर्सनालिटी मनीषा घोषित किए गए। इस अवसर पर पूजा, रेनु, राहुल, विकास, मोहित कुमार, पूजा आदि उपस्थित रहे।

## लाइसेंस धारक एक अक्तूबर तक जमा करवाएं अपना हथियार : डीसी

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत 5 अक्तूबर को मतदान व 8 अक्तूबर को मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा मानवीय जीवन व सभी प्रकार की संपत्तियों को नुकसान से बचाने के दृष्टिगत लाइसेंस धारक एक अक्तूबर तक अपना हथियार संबंधित थाना या वैध हथियार रखने वाली दुकानों पर जमा करवाना सुनिश्चित करें। आदेशों की अनुपालना न करने वाले व्यक्तियों पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जिला में भारतीय नागरिक संहिता 223 की धारा 163 के तहत किसी भी व्यक्ति के अग्नि शस्त्र व किसी भी प्रकार के गोला बारूद जैसे अन्य घातक हथियारों को लेकर चलने पर पाबंदी रहेंगी। जिन व्यक्तियों के पास लाईसैंस शुदा हथियार हैं, वह अपना हथियार संबंधित पुलिस थाना व वैध हथियार रखने वाली दुकान पर जमा करवा दें और इससे संबंधित रसीद भी अवश्यक प्राप्त करें। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा बैंकों में तैनात सिक्योरिटी गार्ड आदि पर लागू नहीं होंगे।

# ईवीएम मशीनों में एक-एक हजार वोट डलवा करी जांच

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

जींद। नरवाना विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी दलजीत सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और वीवीपीएटी (वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीनों का निर्वाचन क्षेत्रवार कमीशनिंग पूरी की जा चुकी है। यह प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी ओर संबंधित उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी की गई। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की सुविधा के लिए 225 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

जिनमें से 23 बूथों कों संवेदनशील मतदान केंद्रों के रुप मे चिन्हित किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि कमीशनिंग प्रक्रिया में चुनाव के दौरान सभी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग की जाती है। तदुपरांत, ईवीएम मे बैलट पेपर लगाया जाता है और प्रक्रिया पूरी होने के बाद मशीनों को स्ट्रांगरूम में तैयार करके लॉक कर दिया जाता है। नरवाना विधानसभा क्षेत्र में इस प्रक्रिया के दौरान 12 ईवीएम मशीनों में एक-एक हजार वोट डलवा कर मशीनों की जांच की गई। मॉक पॉल के बाद ईवीएम में डाले गए वोटों को हटा दिया गया। उसके बाद सभी मशीनों को राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थित में सील करके स्ट्रॉग रूम मे रखवा दिया गया। उन्होंने बताया कि मतदान संपन्न करवाने को लेकर मशीनों में कहीं कोई त्रुटि ना रहे इसको लेकर यह प्रक्रिया पूरी की गई है।



# काउंटिंग स्टाफ को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण

स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया

**कैथल।** जिला निवार्चन अधिकारी एवं डीसी डा. विवेक भारती ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर आगामी 8 अक्टूबर को मतगणना होनी है। इसको लेकर जिला प्रशासन पूरी तैयारी कर रहा है। चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने में काउंटिंग स्टाफ की अहम भूमिका होती है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्य की पूर्ण जानकारी रखें। जिला निवार्चन अधिकारी एवं डीसी डा. विवेक भारती जाखौली अड्डा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में मतगणना में काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग माइक्रो ऑब्जर्वर और काउंटिंग सहायकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक वीजे राजपूत, कैथल एसडीएम एवं आरओ अजय सिंह तथा सीटीएम गुरविंद्र सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक वीजे राजपूत द्वारा मतगणना को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं मास्टर ट्रेनरों ने ईवीएम से मतगणना करने के तरीके बताए। साथ ही मतगणना के दिन सभी जरूरी कागजात तैयार करने की जानकारी भी दी। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में चुनावी प्रप्यि को संपन्न कराने में काउंटिंग स्टाफ की खासी अहमियत होती है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्षता के साथ शिखर तक ले जाने में काउंटिंग स्टाफ अहम कड़ी है।




## सतपाल पराशर आनन्द को मिला हरियाणा गौरव साहित्य सम्मान



स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया

**कैथल।** साहित्य सभा कैथल से जुड़े अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरियाणा की जिला इकाई कैथल के महासचिव अध्यापक एवं साहित्यकार सतपाल पराशर को चरखी-दादरी की साहित्यिक संस्था निर्मला स्मृति साहित्यिक समिति ने हरियाणा साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया। समिति द्वारा कुरुक्षेत्र के प्रेरणा वृद्धाश्रम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्योत्सव एवं सम्मान-समारोह में कैथल के करोड़ा गाँव के सतपाल पराशर आनन्द को यह सम्मान प्रदान किया। यह सम्मान उन्हें प्रेरणा वृद्धाश्रम कुरुक्षेत्र के समाजसेवी एवं साहित्यकार जय भगवान सिंगला, शोध-मार्गदर्शक डॉ0 बाबूराम और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 मधुकांत के कर-कमलों से प्राप्त हुआ। सतपाल पराशर आनन्द को साहित्योत्सव के दौरान अंग-वस्त्र पहनाकर एवं सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकूला की पूर्व निर्देशक डॉ0 मुक्ता, अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, हरियाणा के प्रांत संगठन मंत्री डॉ0 जगदीप शर्मा राही, समिति-अध्यक्ष डॉ0 अशोक कुमार मंगलेश , डॉ0 सविता शर्मा और डॉ0 चितरंजन दास की गरिमामयी उपस्थिति बनी रही।

# 64वां नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच व नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन

स्वास्तिक न्यूज/सुनील कमानिया

**पानीपत।** श्री प्रेम मंदिर के प्रांगण में आदर्श एक विश्वास सोसायटी एवं डॉ भगवान दास वाली श्रीबाल सायं काल रामलीला समिति द्वारा संयुक्त रूप से 64वां निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारम्भ समाजसेवी सुरेंद्र रेवड़ी व आर्यन जैन के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ भगवान दास वाली रामलीला समिति पिछले 53 वर्षों से राम बारात व रामलीला का आयोजन कर रही है। शिविर की जानकारी देते हुए आदर्श एक सोसायटी के नवीन मुंजाल व गौरव तागरा ने बताया कि शिविर में डॉ संजय सेन ने 80 मरीजों की जांच की। डॉ प्रशांत शर्मा व डॉ श्रेया मिड्ढा ने 30 मरीजों की दांतों की जांच कर टूथ ब्रश व पेस्ट दिए। डॉ पारस सहगल ने 30 मरीजों के कमर दर्द व जोड़ो के दर्द की फिजियोथैरेपी की, ओपीटी जतिन अरोड़ा व गुलशन अरोड़ा के द्वारा 105 मरीजों ने आंखों के नंबर की जांच कर 70 मरीजों को चश्में दिए। कुल 245 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाई वितरित व ईसीजी की गई। वहीं लक्ष्मी लैब से प्रदीप कुमार के द्वारा 46 मरीजों का निशुल्क सीबीसी टेस्ट खून की जांच करी गई। आदर्श एक विश्वास सोसायटी के प्रधान नवीन मुंजाल ने बताया कि सोसायटी के द्वारा ये 64वां कैंप है। आदर्श सोसायटी अभी तक आंखों के हजारों मरीजों की जांच कर चश्में वितरित कर चुकी है। डॉ श्रेया ने बताया कि ऐतिहासिक डॉ भगवान दास वाली श्री बाल सायंकाल रामलीला समिति 53 वर्षों से पानीपत में रामबारात का आयोजन कर रही है इस बार मेडिकल कैम्प लगा कर जनता की सेवा भी करी जा रही है इस कैम्प में नीलम मिढ़ा, अशोक कनौजिया, हिमांशु गांधी, कशिश ढिंगरा, डॉ पुलकित गोयल, साहिल वाधवा, सचिन जुनेजा, पुनीत कोशल, नीरज विज, जय भगवान, शैंकी बरेजा, सुमित छाबड़ा उपस्थित रहे।



## फसल अवशेष जलाने से खेती के मित्र कीट भी नष्ट हो जाते हैं : डा. दहिया



स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान

**पानीपत।** जिला उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया के निर्देशों की पालना करते हुए कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की टीमों ग्रामीण स्तर पर लोगों को आगजनी न करने के प्रति जागरूक कर रही है। उपायुक्त ने बताया की पर्यावरण संरक्षण के प्रति और सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

उपायुक्त ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से खेती के मित्र कीट भी काफी हद तक नष्ट हो जाते हैं आम व्यक्ति को इस बारे में सोचना चाहिए। फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण दूषित होता है जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां भी जन्म लेती हैं। जो सबके लिए घातक है हमें इस पर चिंतन व मनन करना चाहिए ।

इस कड़ी में कृषि विभाग की टीम ने मंगलवार को गांव जाटल में सरपंच और प्रगतिशील किसानों के फार्म पर सम्पर्क किया व उनको आगजनी से भूमि तथा पर्यावरण में होने वाले दूषप्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ देवेन्द्र कुहाड के साथ किये गये विचार विमर्श में किसानों ने आश्वासन दिया कि वे आगजनी नहीं करेगें एवं इन-सीटू या एक्स - सीटू के माध्यम से पराली प्रबंधन कर मिट्टी की गुणवता व पर्यावरण दोनो को बचाने में अपना सहयोग देगें।

# रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य के नेतृत्व में उचाना विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांवों में निकाला गया फ्लैग मार्च

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान



**उचाना।** पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव- 2024 निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाया जाएगा। इसी कड़ी में मंगलवार को उचाना विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले एक दर्जन से ज्यदा गांवों में रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया गया। फ्लैग मार्च में रिटर्निंग अधिकारी के साथ बीडीपीओ उचाना राज सिंह, एबीपीओ बलिन्द्र सिंह, चुनाव समन्यवक मास्टर रामप्रसाद, उचाना थाने के एसएचओ पवन कुमार, अलेवा के एसएचओ बनवारी लाल , नरवाना के एसएचओ कुलदीप सिंह आईटीबीपी के इंचार्ज दलजीत सिंह, रिजर्व पुलिस के इंचार्ज कुलदीप सिंह, सीआईडी एसए कर्मबीर सिंह और भारी संख्या में पुलिस व अर्ध सैनिक बल मौजूद रहा। फ्लैग मार्च का काफिला पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाउस उचाना से बड़ौदा, उचाना कलां, उचाना खुर्द, काकड़ौद, सुरभरा, धरोली खेड़ा, भगवानपुरा, झील,डूमरखां, सुदकैन कलां, काब्रछा, लोधर, मांडी कलां, संडील, थूआ, छातर, करसिन्धू ,खरकभूरा होते हुए वापिस उचाना पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाउस पहुँचा। फ्लैग मार्च उचाना विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांव मे निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य द्वारा उचाना कलां, काकड़ौद, डूमरखां तथा संडली गांवों के ग्रामीणों के साथ जनसभाएं की। जनसभा के दौरान रिटर्निंग अधिकारी ने ग्रामीणों से चुनाव के दिन शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च का उदेश्य अराजक तत्वों में भय कायम करना तथा आमजन को निर्भीक व स्वतंत्र रुप से मतदान करने के लिए आस्वस्त करना है। उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

चाहे शहर हो या गांव , जहां भी मतदान केंद्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा चुके है। ग्रामीणों द्वारा रिटर्निंग अधिकारी को आश्वासन दिया कि वे मतदान के दिन किसी प्रकार की कोई लड़ाई, दंगा इत्यादि नहीं होने देंगे और आपसी भाईचारे से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न करवाने मे प्रशासन का सहयोग करेंगे।

रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य ने आमजन से अपील की है कि वे निर्भीक होकर चुनाव में अपने मत का प्रयोग करें, शांति व्यवस्था बनाए रखे। उन्होंने उचाना विधानसभा क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों व सम्बन्धित नोडल अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिये।

फ्लैग मार्च के बाद मीडिया कर्मियों से भी रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य रूबरू हुए। उन्होंने पत्रकारों द्वारा विधानसभा चुनाव को लेकर पुछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि उचाना विधानसभा क्षेत्र के गांवों में फ्लैग मार्च व जनसभाएं करने का उपमंडल प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाया जाये, इसको लेकर ग्रामीणों को समझाया जा रहा है कि वे इस महापर्व में बढ़चढ़कर भाग लें और आपसी भाईचार बनाकर रखें। देश के लोकतंत्र में मतदान करना हम सबका अधिकार है, प्रत्येक व्यक्ति मतदान आवश्य करें ताकि हमारा लोकतंत्र और मजबूत हो सके। मतदान के दिन अगर कोई शरारती तत्व माहौल खराब करता है तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें, सम्बन्धित व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रशासन ने स्वीप का दायरा बढ़ाया : उपायुक्त

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान



पानीपत। विधानसभा 2024 के आम चुनाव को लेकर लोगों को खास तौर पर युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के भरसक प्रयास प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं। ग्रामीण भी स्वीप के कार्यक्रमों में रुचि लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि स्वीप सिस्टेमैटिक वोटर्स, एजुकेशन इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन के प्रथम चरण मतदाता पंजीकरण के बाद से ही द्वितीय चरण मतदान के लिए लोगो को बढ़ावा देने का कार्य गंभीरता के साथ पर्याप्त एव बहुआयामी रणनीति एवम लक्षित दर्शकों, युवा, महिला, श्रमिक, महिला, बुजुर्ग एवम दिव्यांग मतदाताओं को प्रभावी ढंग से जोड? के लिए शहरों में डिजिटलाइजेशन तकनीकि, युवा पसंद प्लेटफार्म, स्वीप पानीपत वेब साइट, फेसबुक पेज, व्हाट्स ऐप आदि मंचो का मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान के लिए आकर्षक पोस्टर्स, बैनर्स, पमपलेट के माध्यम से आम वोटर को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। गांव मे चौपालों पर चर्चा आदि करके जागरूक किया जा रहा है। एडीसी एवम जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉक्टर पंकज यादव ने फैक्ट्री मालिको, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनो, एनजीओ प्रधान, एन एस एस, एनसीसी स्वयं सेवको से आह्वान किया की मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वयं भी मतदान करे तथा आपसे जुड़े हुए सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। एडीसी ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के व्यापक दायरे के अंतर्गत नागरिकों को सूचना युक्त, निर्भीक तथा निष्पक्ष वोटिंग जानकारी दी जा रही है इसके लिए मतदान संबंधी जानकारी या शिकायत हेतु टॉल फ्री नंबर 1950, सी विजिल ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, दिव्यांग मतदाताओं की इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रदत सुविधाओ जैसे रैंप, पिक एंड ड्रॉप, व्हील चेयर सुविधा, दिव्यांग, ग्रीन बूथ के बारे में भी लोगो को अवगत कराया जा रहा है। एडीसी ने कहा कि वोट की ताकत लोकतंत्र का सच्चा हथियार है। मेरे वोट पांच अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा चुनावों में एक राज्य अभिनेता, लोकतांत्रिक प्रक्रिया का वास्तविक नायक है अभिन्न लोकतंत्र की सफलता का परिचायक है की भावना को स्वीप के माध्यम से विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांवो की चौपालों में संगीत की धुनों पर वोटर्स को जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी मे मंगलवार को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया के निर्देश पर डाहर, महाराणा, नारायणा, टीटाना आदि गांवो में ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। स्वीप कैंपेनर डा हितेश चंद शर्मा ने बताया की स्वीप की इस कड़ी मे मंगलवार को देवगिरी ओवरसीज मढाना, गोहाना रोड, फेज थ्री के हजारों श्रमिको को ईवीएम का इस्तेमाल, मतदान प्रक्रिया के बारे में समझाया गया व उन्हें ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

## राजकीय उच्च विद्यालय खटकड़- बरसोला के बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रैली



स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

**उचाना।** स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त जींद विवेक आर्य के मार्गदर्शन में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिला में प्रतिदिन अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में राजकीय उच्च विद्यालय खटकड-बरसोला के स्कूली बच्चों द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। जिसकी अध्यक्षता उचाना विधानसभा क्षेत्र की स्वीप कार्यक्रम नोडल अधिकारी सुनीता नैन ने की। नोडल अधिकारी सुनीता नैन ने बताया कि स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रैली के माध्यम से सभी मतदाताओं को मतदान के दिन बूथों पहुंचकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस बीच विद्यार्थियों की तरफ से जागरूकता संबंधित नारे भी लगाए गए। हाथों में बैनर लिए तथा जागरूकता नारे के साथ स्कूल से निकली रैली गांव की गलियों एवं मुख्य चौराहों पर पहुंची, यहां पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई।

सुनीता नैन ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने वोट के महत्व को समझें और लोकतंत्र की मजबूती के लिए बूथ पर पहुंचकर मतदान करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सफल बनाने के लिए मतदाताओं का जागरूक होना अत्यंत जरूरी है। जागरूक मतदाता ही अपने मतों का अधिकार समझ सकता है। मतदान का अधिकार सर्वोत्तम अधिकार है। इसका प्रयोग बहुत सोच समझ कर करना चाहिए। आमजन को अपने इस अमूल्य मत का प्रयोग जाति, धर्म, संप्रदाय एवं संकीर्ण विचारों से ऊपर उठकर विकास, शिक्षा और रोजगार को ध्यान में रखकर करना चाहिए।

## घर में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार



स्वास्तिक न्यूज/अनु शर्मा

**सफीदों।** पुलिस ने गांव हाट के एक मकान से चोरी करने के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान दीपक निवासी हाट के रूप हुई है। जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि 26 सितंबर को निर्मल निवासी गांव हाट ने शिकायत देकर कहा था कि 21 सितंबर को वह अपने बच्चों के साथ पीहर गई हुई थी। 25 सितंबर की दोपहर को अपने पीहर (बरवाला) से अपने घर गांव हाट में आई तो उसके घर का ताला टुटा हुआ मिला।

घर में जाकर उसने अपने गहने संभाले तो उसके सोने के 2 लोकेट, 2 नाक की नथली, 1 कान की बाली, एक सोने की अगुंठी और चांदी की 2 पायल की जोड़ी चोरी हुई मिली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## आधुनिक उपकरणों का प्रयोग कर - करें फसल अवशेष प्रबंधन

पानीपत। उपायुक्त डॉक्टर वीरेद्र कुमार दहिया ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे धान की पराली को न जलाएं। पराली जलाने से कई गंभीर स्वास्थ्य और पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती हैं। धान की पराली जलाने से वायु में प्रदूषण बढ़ता है, जिससे ब्रोंकाइटिस, आंखों में जलन और वातावरण में दुर्गंध जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। इसके अलावा, सडक किनारे पराली जलाने से धुएं और धुंध के कारण सडक दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। पराली जलाने का नकारात्मक प्रभाव केवल हवा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह मिट्टी की सेहत पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। पराली जलाने से मिट्टी में पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्मजीव मर जाते हैं, और पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी बंजर हो जाती है। प्रशासन द्वारा पूरे जिले में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

# भारत विकास परिषद ने करवाई समूह गान प्रतियोगिता



स्वास्तिक न्यूज/विशाल

**सफीदों।** भारत विकास परिषद सफीदों शाखा द्वारा नगर के हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाविप शाखा अध्यक्ष डा. नरेश वर्मा ने की। कार्यक्रम में बतौर अतिथि समाजसेवी प्रवीण दीवान व बलबीर सैनी ने शिरकत की। प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के बच्चों ने हिंदी व संस्कृत भाषा में अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में कली राम डीएवी सफीदों व गुरू गोबिंद सिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रथम, हरियाणा विद्यालय द्वितीय और जय दुर्गा पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। शाखा प्रधान डा. नरेश वर्मा ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त टीम आगामी 13 अक्टूबर को रोहतक में आयोजित होने वाली प्रांतीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। इस अवसर पर बच्चों ने पंजाबी वहरियाणवीं लोकगीत व लोक नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जसबीर मलिक, मनीष वर्मा, आचार्य सतीश, सुरेंद्र वत्स, संजीव पुंडीर, जगदीप कुमार, राजेश मित्तल, मुकेश गुंबर, दलबीर मलिक, बृजेश्वर अग्रवाल, घनश्याम भाटिया, सुनीता भाटिया, संगीता भाटिया, सुनीता वर्मा, डा. राजेश सैनी, ममता पुंडीर, घनश्याम राणा, विनय खर्ब, राकेश दिवान, संजीव दीवान, उमेश दिवान, डा. नवदीप दुहन व नरेंद्र चहल मौजूद थे।

## भाविप मंडी शाखा ने स्कूल में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

### डाक्टरों की टीम ने 300 बच्चों का स्वास्थ्य जांचा

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान



**सफीदों।** भारत विकास परिषद मंडी शाखा के तत्वावधान में नगर के स्वामी निगमबोध तीर्थ गीता विद्या मंदिर में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष संजीव दीवान ने की। इस मौके पर डा. अनिल अग्रवाल, डा. रिद्धि, डा. प्रियंका, डा. हितेश कौशिक, डा. अमित सिंघल व रक्त जांच के लिए संजय जांगड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे। कैंप का शुभारंभ मां सरस्वती प्रतीमा के सम्मुख दीप प्रज्व्लन करके किया गया। डाक्टरों की टीम ने करीब 300 बच्चों का स्वास्थ्य जांचकर उन्हे उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम के समापन पर डाक्टरों व अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष संजीव दीवान, संरक्षक हरीश वशिष्ठ, सचिव उमेश दीवान, कोषाध्यक्ष रवि थनई, उपाध्यक्ष विजेंद्र मलिक, महिला अध्यक्ष रुचि कंसल, विद्यालय के प्रबंधक राकेश गोयल व कोषाध्यक्ष प्रवीण मघान व अग्रवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष प्रवीण मित्तल विशेष रूप से मौजूद रहे।

## रफ्तार कार्यक्रम में बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग



स्वास्तिक न्यूज/विशाल

**सफीदों।** राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल मुआना में कलस्टर स्तरीय हिंदी विषय में रफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कलस्टर हैड हंसवीर रेढू ने की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में निर्धारि त समयावधि में शब्दों का पाठन, मजेदार उल्टा पठन, टंग टनिस्टर व रिले पठन प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गईं।

प्रतियोगिता में मन्नत व वंश प्रथम, मानवी व नैंसी 88द्वितीय, योगेस व वंशिका तृतीय, लविश, यश व नीतिका चतुर्थ तथा आयुश, लक्ष्य व रक्षिता पंचम स्थान पर रहे।

कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## वोटर टर्नआउट एप के माध्यम से मतदान दिवस पर मिलेगा वोटिंग का सटीक आंकड़ा: डीसी

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान

**पानीपत।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 5 अक्टूबर को जिला में होने वाली वोट प्रतिशतता के सटीक आंकड़े हर घंटे में वोटर टर्नआउट एप के माध्यम से आमजन तक पहुंचे इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि वोटर टर्नआउट एप पर डाटा अपलोड किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में पूरा उत्साह है और चुनाव के पर्व में प्रदेश को गर्व की अनुभूति कराने के उद्देश्य से मतदाता शनिवार, 5 अक्टूबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के इस पर्व में आहुति डालेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर मतदाताओं सहित आमजन को उनके विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश के किसी भी विधानसभा क्षेत्र में चल रही मतदान प्रक्रिया के दौरान के आंकड़े उक्त एप के माध्यम से देखे जा सकते हैं।

डीसी ने संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिए कि वे सेक्टर आफिसर व पीठासीन अधिकारियों के निरंतर संपर्क में रहते हुए डाटा अपलोड करना सुनिश्चित करें। डीसी ने बताया कि यह एप जनता में मतदाता की उपस्थिति को लेकर पारदर्शिता बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र स्तर पर ऐप से रियलटाइम में जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि मतदान खत्म होने और पोलिंग पार्टी के वापस लौटने के बाद डाटा को वेरीफाई भी किया जाएगा। इसके बाद अंतिम आंकड़ों को एप पर अपलोड कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वोटर टर्नआउट नामक एंड्रॉइड मोबाइल एप प्रत्येक नागरिक के लिए वास्तविक समय के आधार पर अनुमानित मतदाता टर्नआउट प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि इस एप को राज्य के अनुमानित मतदाता टर्न आउट को दिखाने हेतु डिजाइन किया गया है, जिसे आगे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसार तक भी देखा जा सकता है। डीसी ने संबधित को पूरी सजगता के साथ डाटा एकत्रित करते हुए अपलोड करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि वोटर टर्नआउट एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करते हुए विधानसभा अनुरूप मतदान प्रतिशतता के आंकड़े देखे जा सकते हैं।

**प्रिंट लाईन:-** स्वास्तिक न्यूजपेपर के लिए मालिक मुद्रक एवं प्रकाशक विनय दीवान बी.डी. कॉर्प प्रिंटिंग प्रेस प्लाट नंबर 42-43, सेक्टर-29, पानीपत -132103 से मुद्रित तथा स्वास्तिक न्यूज कार्यालय कांगड़ा मोहल्ला मेन बाजार, वार्ड -8 सफीदों शहर, पिन कोड -126112 हरियाणा से जारी। संपादक एवं मुख्य संवाददाता विनय दीवान। मोबाइल नंबर 94160 73460 । समाचार से संबंधित सभी विवादों का कार्य क्षेत्र शिफ्ट सफीदों अदालत होगा । RNI Reg No. HARHIN/11380 Email: swastiknewssafidon@gmail.com

# ससुर ने परिजनों संग मिल दामाद समेत तीन लोगों को किया घायल

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान



## पुलिस ने घायल की शिकायत पर 20 लोगों नामजद कर दर्ज किया मामला

**जींद।** गांव लोहचब में पत्नी को लेने गए युवक, उसकी पत्नी तथा सास पर रिश्ते के चाचा ससुर ने समझौते के बहाने परिजनों के साथ हमला कर घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर 20 लोगों के खिलाफ मारपीट करने, तोडफोड़ करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

गांव अशरफगढ़ निवासी विनय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी लगभग पांच महीने पहले गांव लोहचब निवासी सुनील की बेटी सलोनी से हुई थी।

उसके ससुर सुनील की वर्ष 2023 में हादसे में मौत हो गई थी। जिसकी भारी भरकम क्लेम राशि उसके ससुरालीजनों को मिली थी। जिसमें उसके चाचा ससुर अशोक ने भारी गोलमाल किया था। पता चलने पर उसने आपत्ति जताई थी। जिससे अशोक व उसके परिजन उससे रंजिश रखने लगे। गत दिवस वह अपनी की पत्नी को लेने ससुराल गया हुआ था। देर शाम को समझौता करने के बहाने अशोक परिवार घर में घुस आया और हमला कर दिया। जिसमें उसे, उसकी पत्नी सलोनी तथा सास रीना को काफी चोटें आई। आरोपित ने गली में खड़ी गाड़ी के साथ भी तोडफोड़ की। सदर थाना पुलिस ने विनय की शिकायत पर अशोक, पुनित, विक्की, अंजली, काजल, नीता, रोमा, राजू, मिता, गोदारा समेत 20 लोगों के खिलाफ घर में घुस कर हमला करने, तोडफोड़ करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सर्वपितृ अमावस्या पर आज श्रद्धालु पिंडारा तीर्थ में लगाएंगे श्रद्धा की डुबकी

# अमावस्या दिन श्राद्ध संपन्न कर सकते हैं : शास्त्री

- तीर्थ पर श्रद्धालु करेंगे पिंडदान, उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान



**जींद।** वर्ष 2024 की सर्व पितृ अमावस्या बुधवार को है। वहीं अमावस्या पर सूर्य ग्रहण भी लगने जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि सर्वपितृ अमावस्या पर उन लोगों का श्राद्ध कर्म किया जाता है जिनकी मृत्यु तिथि परिवार के सदस्य भूल जाते हैं। मान्यता है कि अमावस्या के दिन पितरों के नाम पर दान करना बहुत भी फलदायी होता है। सर्व पितृ अमावस्या का मुहूर्त एक अक्टूबर को रात 9 बजकर 39 मिनट से शुरू हो जाएगा और तिथि का समापन तीन अक्टूबर की रात 12 बजकर 18 मिनट पर होगा।

आज खत्म हो जाएगा श्राद्ध पक्ष

श्राद्ध पक्ष बुधवार को को खत्म हो रहे हैं। ऐसे में बुधवार को अमावस्या पर पितरों के तर्पण के लिए पिंडारा तीर्थ पर श्रद्धालु की भीड़ उमड़ेगी और श्रद्धालु अपने पितरों के तर्पण के लिए पिंडदान करेंगे। अमावस्या पर तीर्थ पर मेले का भी आयोजन होता है। ऐसे में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के प्रबंध करते हुए यहां पुलिसकर्मियों को डयूटी लगा दी है। ऐसा माना जाता है कि महाभारत के युद्ध के बाद पितरों के तर्पण के पांडवों ने भी पिंडारा तीर्थ में ही पिंडदान किए थे। हालांकि पांडव यहां 12 साल तक सोमवती अमावस्या के योग का इंतजार करते रहेए लेकिन यह योग नहीं बना। ऐसे में कलयुग में भी लोग यहां पिंडदान करते हैं। पिंडारा तीर्थ के महत्व के बारे में वीरेंद्र पिंडारा ने बताया कि पिंडारा तीर्थ को पिंडतारक सोमतीर्थ व पिंडार्क नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि जब पितामाह भीष्म वाणों की शैया पर थे, तब धर्मराज युधिष्ठिर ने उनसे पितरों को मुक्ति के लिए पूछा था। इस पर भीष्म ने पिंडारा तीर्थ में स्नान कर पिंडदान करने के लिए कहा था। शास्त्रों में बताया गया है कि मंकण ऋषि ने सूर्य के बताने पर अपने पितरों के उद्धार के लिए पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान किया था। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार गया जी में दान का जो महत्व है वही पिंडारा में है। पांडवों ने पितरों के लिए पिंडरा में पिंडदान किया। इससे इसका नाम पांडू पिंडारा पड़ा है। यहां तीर्थ पर प्रदेश के साथ-साथ देश के अन्य हिस्सों से भी लोग पिंडदान करने आते हैं। शास्त्रों के अनुसार एक व्यक्ति अपनी तीन पीढि?ं के लिए पिंडदान कर सकता है। इसमें पिता, दादा व परदादा शामिल हैं। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि यदि आप किसी कारणवश श्राद्ध पक्ष में श्राद्ध नहीं निकाल पाए तो भी आप सर्व पितृ अमावस्या दिन श्राद्ध संपन्न कर सकते हैं। इस दिन किसी सात्विक और विद्वान ब्राह्मण को घर पर निमंत्रित करें और उनसे भोजन करने और आशीर्वाद देने की प्रार्थना करें। स्नान करके शुद्ध मन से भोजन बनाएं लेकिन भोजन सात्विक होना चाहिए। सर्व पितृ अमावस्या के दिन अगर आपके घर कोई भी भिखारी आए, तो उसे दरवाजे से खाली हाथ न लौटाएं। सर्व पितृ अमावस्या के दिन मांसाहारी भोजन नहीं करना चाहिए। वरना इससे पितृ आपसे नाराज हो सकते हैं।

## चार किलो 490 ग्राम गांजा के साथ स्कूटी सवार गिरफ्तार

**जींद।** पावर हाउस के निकट रजबाहा पुल पर ग्राहकों का इंतजार कर रहे स्कूटी सवार युवक को डिटेक्टिव स्टाफ ने काबू कर उसके कब्जे से लगभग पांच किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद की है।

शहर थाना पुलिस ने पकड़े गए युवक से पूछताछ शुरू कर दी है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि हांसी रोड पावर हाउस के निकट रजबाहा पुल पर एक स्कूटी सवार युवक खड़ा हुआ है। जिसने अपने पिू बैग में नशीला पदार्थ रखा हुआ है। युवक नशीला पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। पुलिसकर्मियो ने युवक को काबू कर उसके पिू बैग की तलाशी ली तो उसमें से चार किलो 940 ग्राम गांजापत्ती बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान रामराय गेट निवासी प्रदीप के रूप में हुई। पुलिस ने युवक को काबू कर गांजा पत्ती तथा स्कूटी को कब्जे में ले लिया। शहर थाना पुलिस ने प्रदीप के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# हरियाणा में दुष्यंत और सांसद चंद्रशेखर के काफिले पर हमला

## चौटाला बोले- लोकसभा चुनाव में अटैक के वक्त यही SP-SHO थे, निगरानी के लिए IPS लगाए

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

**जींद।** हरियाणा के जींद के उचाना विधानसभा क्षेत्र में सोमवार रात दुष्यंत चौटाला और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर के रोड शो पर हमला हुआ। युवकों ने हो हल्ला करते हुए पत्थर फेंका, धूल उड़ाई। काफिले में शामिल चंद्रशेखर की कार का पिछला शीशा टूट गया। सूचना मिलने पर उचाना पवन कुमार भी मौके पर पहुंचे। उनके दुष्यंत के साथ बहस हुई। उचाना में जेजेपी के दुष्यंत चौटाला प्रत्याशी हैं और चंद्रशेखर उनके समर्थन में रोड शो करने आए थे। देर शाम को इनका काफिला उचाना कलां गांव में पहुंचा था। दुष्यंत व चंद्रशेखर रथ पर आगे चल रहे थे।

इनकी कारें पीछे काफिले में थी। इसी दौरान यह घटना घटी। बता दें कि जेजेपी और आजाद समाज पार्टी (एएसपी) मिलकर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव में जेजेपी ने 70 सीटों पर और आजाद समाज पार्टी ने 20 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। रोड शो को मौके पर रोक दिया गया और दुष्यंत व चंद्रशेखर भी रथ से उतर कर कार्यकताओं के बीच आ गए। कुछ ही देर में पूरे क्षेत्र में सूचना फैल गई कि दुष्यंत के काफिले पर हमला हो गया। कार्यकर्ता भी जुटने लगे। कुछ ही देर में दुष्यंत चौटाला भी मौके पर पहुंचे।



### दुष्यंत बोले- मैं कोई चेतावनी नहीं दे रहा हूं

पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मैं कोई चेतावनी नहीं दे रहा हूं, अगर आप एक घंटे के अंदर चंद्रशेखर की गाड़ी पर हमला करने वालों पर कार्रवाई नहीं करते हैं तो, इसी बीच उचाना थाना स्लड ने कहा कि हम केस दर्ज कर कार्रवाई करेंगे। इस पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एफआईआर नहीं, आप हमलावरों को गिरफ्तार करें। आपने चुनाव के बीच में क्या तमाशा बनाकर रखा हैं।

### चंद्रशेखर बोले- आप मेरा मजाक उड़ा रहे हैं

इस मामले पर सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि एक सांसद के पास इतनी पावर होती है कि पुलिस को उसकी सुरक्षा करनी चाहिए। आप क्या कर रहे थे? अगर कुछ हुआ था तो जवाब दें। मेरी अपने सीनियर अधिकारी से बात करवाएं। मैं आरोपियों को नहीं छोड़ूंगा। मैं वकील भी हूं और आपके खिलाफ भी केस दर्ज करवाऊंगा, आप तमाशा कर रहे हैं, आप मेरा मजाक उड़ा रहे हैं क्योंकि मैं दलित समाज से आता हूं।

### कार्यकताओं से धैर्य बनाए रखने की अपील

जींद पार्टी कार्यालय में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी हमला हुआ था और उस समय भी मौजूदा एसपी जिले में तैनात थे और मौजूदा एसएचओ उचाना में तैनात थे, इसलिए विधानसभा के अनुसार अन्य आईपीएस अधिकारियों से मॉनिटरिंग करवाई जानी चाहिए। आज हम चुनाव आयोग को कल रात की घटना के बारे में पत्र लिखेंगे।

# जींद में 2 हमलावरों को 10 साल की कैद

## पोल्ट्री फार्म पर युवक की हत्या का प्रयास, दस हजार का जुमार्ना भी लगाया

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान



**जींद।** उचाना क्षेत्र के मखंड गांव में युवक की हत्या के प्रयास में दो दोषियों को अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश जसबीर सिंह की अदालत ने 10-10 साल कैद तथा 10 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। पुलिस प्रवक्ता अमित कुमार ने बताया कि 7 अक्टूबर 2020 को उचाना पुलिस को सूचना मिली थी कि मखंड गांव में लड़ाई-झगड़े में नरेश को चोटें आई हैं और वह जींद के सिविल अस्पताल में दाखिल है। पुलिस ने वहां जाकर नरेश के बयान लिए। नरेश ने शिकायत में बताया कि उसका भांजा फुलियां कलां निवासी सुशील घर से खाना खाने के बाद उनके पोल्ट्री फार्म पर जाकर सो गया था। रात को करीब 11 बजे गांव के ही सोनू और मनदीप उनके फार्म पर आए और सुशील को धमकी देने लगे। सुशील ने उसके पास फोन किया। इसके बाद वह और उसका भाई मनदीप फार्म पर गए तो सोनू तथा संदीप ने उन पर लाठियों तथा गंडासों के साथ हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें जींद के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। बाद में 8 दिसंबर को सुनील उर्फ सोनू तथा 18 दिसंबर को मनदीप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मंगलवार को जसबीर सिंह अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश जींद की अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया और 10 साल की कैद तथा 10 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई।

# पिकअप ने मारी टक्कर, ऑटो सवार एक की मौत

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान

**मां चितपूर्णी के दर्शन कर ऑटो सवार लोग लौट रहे थे अपने घर, मामला दर्ज**

**जींद।** गांव जाजनवाला के निकट तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी की टक्कर से घायल हुए ऑटो सवार चार लोगों में एक घायल की अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। मृतक तथा घायल मां चिंतपूर्णी के दर्शन कर लौट रहे ऑटो से घर लौट रहे थे। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है और फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मंगाली ढाणी जाटान निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भतीजा सुरेंद्र, अमित, सतीश, सोनू मां चिंतपूर्णी के दर्शन करने हिमाचल प्रदेश गए हुए थे। चारों ऑटो में सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। गांव जाजनवाला के निकट हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उनकी ऑटो को टक्कर मार दी। जिसमें चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने अमित, सतीश तथा सोनू को नरवाना नागरिक अस्पताल तथा सुरेंद्र को सीएचसी उकलाना ले जाया गया। जहां से उसे बरवाला ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना नरवाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक सुरेंद्र के चाचा की शिकायत पर फरार पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्रियंका गांधी कल जुलाना आएंगी

जींद। जुलाना की नई अनाज मंडी में कल कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी जनसभा करेंगी।

जनसभा में वे ओलंपियन विनेश फोगाट के समर्थन में वोट की अपील करेंगी। ओलंपियन और कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट ने बताया कि प्रियंका गांधी कल जुलाना की अनाज मंडी में पहुंचेगी और जनसभा को संबोधित करेंगी।

उन्होंने बताया कि प्रियंका गांधी हेलीकॉप्टर के जरिए जुलाना पहुंचेगी। जो दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर नई अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करेंगी।

जनसभा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

प्रियंका गांधी को सुनने के लिए कार्यकर्ता लोगों से भारी संख्या में पहुंचने की अपील की। विनेश फोगाट ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की बहुमत से सरकार बनेगी।

# शारदीय नवरात्र को लेकर सजे बाजार

- तीन अक्टूबर से शुरू हो शारदीय नवरात्र, ■ 11 अक्टूबर की महानवमी मनाई जाएगी सजी पूजा सामग्री की दुकाने ■ श्रद्धालु कर रहे खरीददारी

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान



**जींद।** शारदीय नवरात्र इस बार तीन अक्टूबर से शुरू होंगे। इस बार मां दुर्गा का आगमन पालकी पर होगा। मां दुर्गा हर बार अलग-अलग सवारी पर आती हैं। शारदीय नवरात्र की 11 अक्टूबर की महानवमी मनाई जाएगी। जबकि 12 अक्टूबर को दशहरा और मां दुर्गा का विर्सजन किया जाएगा। तीन अक्टूबर को घट स्थापना होने के साथ प्रथम भगवती स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। तीन अक्टूबर को इस विशेष तिथि पर हस्त नक्षत्र और चित्रा नक्षत्र का संयोग बन रहा है। ज्योतिषियों की मानें तो शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर घटस्थापना मुहूर्त तीन अक्टूबर को सुबह छह बजकर 15 मिनट से लेकर सुबह सात बजकर 22 मिनट तक है। वहीं अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजकर 46 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 33 मिनट तक है। इन दोनों शुभ योग समय में घटस्थापना कर मां दुर्गा की पूजा कर सकते हैं। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि सबसे पहले सुबह उठ कर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करें और साफ वस्त्र पहनें। पूरे घर को शुद्ध करने के बाद मुख्य द्वार की चौखट पर आम के पत्तों का तोरण लगाएं। पूजा के स्थान को साफ करें और गंगाजल से पवित्र कर लें। अब वहां चौकी लगाएं और माता की प्रतिमा स्थापित करें। दुर्गा मां और गणेश जी का नाम लें। इसके बाद उत्तर और उत्तर-पूर्व दिशा में कलश की स्थापना करें। कलश स्थापना के लिए पहले एक मिट्टी के बर्तन में जौ के बीज बोएं। फिर एक तांबे के कलश में पानी और गंगाजल डालें। कलश पर कलावा बांधें और आम के पत्तों के साथ उसे सजाएं। इसके बाद उसमें दूब, अक्षत और सुपारी डालें। उसी कलश पर चुनरी और मौली बांध कर एक नारियल रख दें। सामग्री का उपयोग करते हुए विधि, विधान से मां दुर्गा का पूजन करें। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। अंत में मां दुर्गा की आरती करें और प्रसाद का वितरण करें।

## सजी पूजा सामग्री की दुकानें

शारदीय नवरात्र को लेकर बाजार माता की मूर्ति, चुनरी, प्रसाद, कलश, पंचमेवा, अखंड ज्योत व आसन से सज गए हैं। श्रद्धालु भी बाजारों में पिछले पूजा सामग्री की खरीददारी कर रहे हैं। इसके अलावा मंदिरों को भी सजाया जा रहा है। शारदीय नवरात्रों के लिए मैया की मूर्तियों के साथ ही पौषाक, चुनरी और कलश की बिक्री बढ़ी है। मंदिरों पर भी कार्यक्रमानुसार तैयारियां चल रही हैं। पूजा के लिए कलश, नारियल, चुनरी, रोली, पान, घी, धूप बत्ती, अगरबत्ती, लोंग, सुपारी, कपूर सहित अन्य सामग्री खरीद रहे हैं।

## टोल फ्री नंबर 1950 पर अबतक वोटर आईडी से संबंधित आ चुकी 123 शिकायतें

# आचार संहिता के दौरान चुनाव प्रचार करते समय किसी भी जाति, धर्म और संप्रदाय पर ना करें टिप्पणी : रजा

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दिवान






जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा।

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए प्रशासन तत्परता के साथ काम कर रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों का अनुपालन करते हुए सभी को बेहतर समन्वय बनाते हुए चुनाव संबंधित कार्यो को सफल बनाना है। आदर्श आचार संहिता की शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित हो इसके लिए सभी टीमें लगातार कार्य कर रही हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सभी नागरिकों को चुनाव आचार संहिता का पालन करना जरूरी है। ऐसे मे चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी, उनके प्रतिनिधि या कोई भी अन्य व्यक्ति जों प्रचार-प्रसार में जूटे हैं। एक-दूसरे पर व्यक्तिगत, जातिगत, धर्म ओर संप्रदाय के संबंध मे कोई भी टिप्पणी ना करें। यदि कोई ऐसा करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और संबंधित के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। रजा ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का एक पवित्र पर्व है। जिसमें हर नागरिक की सार्थक भागीदारी होती है। 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले हर नागरिक को वोट डालने का समान रूप से अधिकार है। चुनाव में एक-एक वोट कीमती है। जिस नागरिक का वोट बन चुका हैए वे चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अपने विवेक से करें। नागरिक अपने वोट का महत्व समझें। वोट देने के लिए किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आएं। जिला की चारों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न करवाना है। ऐसे में जरूरी है कि नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। चुनाव के दौरान कोई भी व्यक्ति, प्रत्याशी असभ्य टिप्पणी या भाषा का प्रयोग ना करें। इसके अलावा वोट हासिल करने के लिए जाति, धर्म, भाषा और संप्रदाय से संबंधित टिप्पणी न करें। यदि कोई ऐसा करता है तो ये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। रजा ने बताया कि टोल फ्री नंबर 1950 पर नौ सितंबर से अबतक आमजन की वोटर आईडी से संबंधित 123 शिकायतें आ चुकी हैं।

# नागरिक अस्पताल में रक्तदाताओं को थैंक्स बोल किया सम्मानित

स्वास्तिक न्यूज/विनय दिवान




**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के ब्लड सेंटर में मंगलवार को नेशनल ब्लड डोनर-डे का आयोजन किया गया।

इस मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसकी थीम थैंक्स यू ब्लड डोनर रहा और साथ में बी डिफरेंट डोनेट ब्लड डोनेट लाइफ रहा। इसमें 20 से अधिक युवाओं ने शिविर रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. गोपाल गोयल रहे जबकि डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, ब्लड बैंक इंचार्ज डा. सोनल सिंघल, स्टाफ नर्स, टेक्निकल स्टाफ और समाजसेवी सुभाष ढिगाना मौजूद रहे। शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और रेग्यूलर मेल एंड फीमेल डोनर को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। वहीं रक्तदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया पर अभियान चलाया गया।

रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए सीएमओ डा. गोपाल गोयल व डा. राजेश भोला ने कहा कि स्वस्थ्य व्यक्ति को जरूर रक्तदान करना चाहिए। रक्त की एक बूंद बीमार व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करती है। रक्तदान करने वालों के साथ उन असहाय और जरूरतमंद लोगों की दुआएं हमेशा साथ रहती हैं, जिनके लिए उनका दिया हुआ खून काम आता है। डा. भोला ने कहा कि रक्त का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। रक्त की कमी रक्त से ही पूरी की जा सकती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि स्वयं रक्तदान करने के साथ-साथ अपने साथियों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें। रक्तदान का शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। मानव रक्त का वैज्ञानिक भी कोई विकल्प नहीं निकाल पाए हैं। आवश्यकता होने पर खून की पूर्ति केवल मानव रक्त से ही हो सकती है। अगर हर इंसान रक्तदान करने का प्रण लें लें तो वह दिन दूर नहीं जब देश में खून की पूर्ति हो जाएगी।